बिहार के सारण में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन

चर्चा में क्यों?

14 मई, 2023 को बिहार के सारण (छपरा) ज़िले में दो दिवसीय इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल सीजन 3 का समापन हो गया।

प्रमुख बिंदु

- छपरा के ऑडिटोरियम में 13 मई को शुरु हुआ दो दिवसीय फिल्म फेस्टिवल में देश के विभिन्न भाषाओं सहित विश्व के 21 देशों की फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही फिल्म और नाटक के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने वाले युवाओं को इससे जुड़ी जानकारी दी गई।
- इस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिलिपींस, इटली, तुर्की, भारत, स्पेन, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और उज्बेकिस्तान की फिल्में डॉक्यूमेंट्री और शॉर्ट फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।
- साथ ही छोटे और स्कूली बच्चों के लिये राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों को प्रदर्शित किया गया।
- इसके अलावा बहुत से सामाजिक मुद्दों पर बनाई गई डॉक्यूमेंट्री को भी दिखाया गया।
- सारण अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में भारत की दो फिल्मों ने अलग-अलग वर्गों में बेस्ट फिल्म अवार्ड जीता।
- बाल फिल्म इंस्पेक्शन ऑफ परसुइट और शॉट फिक्शन फिल्म वाशिंग मशीन को नेशनल वर्ग में बेस्ट फिल्म का खिताब दिया गया।
- वहीं अंतर्राष्ट्रीय कैटेगरी में तुर्की की फिल्म इक्रॉन एंड युशू को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री - इंटरनेशनल अवार्ड दिया गया।
- उल्लेखनीय है कि मयूर कला केंद्र के तत्वावधान व युवा कला व खेल मंत्रालय के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन करीब डेढ़ दर्जन फिल्में दिखाई गईं। उसके बाद ज्यूरी ने परिणामों की घोषणा की।
- वहीं पैनल डिस्कशन में देश-विदेश से आए कलाकरों ने लोगों के साथ अपना अनुभव साझा करते हुए नाटक साहित्य और सिनेमा के बारे में जानकारी दी।
- विदित कि सारण इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल बिहार का पहला और एकमात्र इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-film-festival-organized-in-saran,-bihar